<u>संगठन की राजभाषायी गतिविधियां</u>

पेसो, मुख्यालय, नागपुर

1. दिनांक 31 मार्च 2014 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2013-2014 की चतुर्थ बैठक दिनांक 30 अप्रैल 2014 को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय श्री टी. आर. तोमस की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में अंचल कार्यालयों का निरीक्षण, मॉड्यूल्स का द्विभाषीकरण, वेबसाईट का द्विभाषीकरण, हिन्दी टिप्पणियों की प्रतिशतता बढाने के उपाय, रिक्त हिन्दी पदों पर भर्ती, हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा, हिन्दी कार्यशाला का आयोजन, वार्षिक कार्यक्रम का प्रभावी कार्यान्वयन, आदि मदों पर चर्चा की गई तथा उस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

2. दिनांक 20 जून 2014 को नराकास, नागपुर की 60वीं छमाही बैठक में श्री टी.आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक तथा तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी ने भाग लिया ।

3. श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा यूनिकोड में कार्यालयीन कार्य में हिन्दी टिप्पणियों को लिखने से संबंधीत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा

1. श्री कैलाश कुमार, सं.मु.वि.नि. ने दि. 25.04.2014 को नराकास, आगरा की छमाही बैठक में भाग लिया ।
2. देहरादून कार्यालय में हिन्दी की प्रथम त्रैमासिक बैठक दि. 25.04.2014 को आयोजित की गई जिसमें कार्यालय की कार्यान्वयन समिति के गठन के साथ ही राजभाषा की वार्षिक कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई ।
3. कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा में दि. 30.04.2014 को वर्ष 2014–15 की हिन्दी की प्रथम त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया ।
4. विस्फोटक नियंत्रक, रायपुर ने दि. 30.04.2014 को नराकास की प्रथम छमाही बैठक में भाग लिया ।

5. "ऑन लाइन त्रैमासिक हिन्दी प्रगति रिपोर्ट भेजे जाने हेतु पंजीकरण" विषय पर आगरा कार्यालय में दि.16.05.2014 को कार्यशाला का आयोजन किया गया । दो सत्रों में आयोजित उक्त कार्यशाला में नराकास के माध्यम से नगर स्थित कार्यालयों को आमंत्रित किया गया । श्रीमती श्रावणी गांगुली,

क.हि.अ. द्वारा उपस्थित विभिन्न कार्यालयों के प्रतिनिधियों को ऑन लाइन पंजीकरण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं कुछ कार्यालयों का ऑन लाइन पंजीकरण भी कराया गया

<u>संयुक्त सचिव, डीआईपीपी, नई दिल्ली द्वारा भोपाल कार्यालय का निरीक्षण</u>

श्री शैलेन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव, डीआईपीपी, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 23.06.2014 को कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भोपाल का निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने कार्यालय के रिकॉर्ड रूम, सम्मेलन कक्ष, अधिकारी व कर्मचारियों के कक्ष, यूपीएस कक्ष एवं आगन्तुक बैठक का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालय में रिक्त पदों की स्थिति, अनुज्ञप्ति सम्बन्धित विभिन्न नियमों के अन्तर्गत प्रत्यायोजित कार्य का जायज़ा लिया । पेट्रोलियम नियम 2002 जैसे सभी नियमों के ऑन लाइन नवीनीकरण आवेदनों के बारे में चर्चा कर सुझाव दिए। उन्होंने भोपाल कायार्लय के अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन मॉडयूल में कार्य करते समय आ रही कठिनाइयों का निराकरण करने तथा मॉडयूल को और अधिक उपयोगी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये ।

संयुक्त सचिव महोदय द्वारा दिनांक 23.06.2014 को मैसर्स भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, बकानिया भौंरी, भोपाल (म.प्र.) स्थित बॉटलिंग प्लांट का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान प्लांट मैनेजर द्वारा बॉटलिंग के विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी दी गई । प्लांट भ्रमण के दौरान एलपीजी बुलेट स्टोरेज, डेलयूस सिस्टम, कमप्रेसर व जनरेटर रूम निरीक्षण के अलावा उनके द्वारा एलपीजी टैंकर पर वॉटर स्प्रींकलर सिस्टम को चलवाकर देखा गया । बॉटलिंग के दौरान केरोजल से एलपीजी के लीक होने पर स्वाचालित इमरजेंसी रिस्पोंस कंट्रोल सिस्टम का परीक्षण भी मौके पर देखा गया । निरीक्षण के दौरान उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा बॉटलिंग प्लांट में पेसो संगठन द्वारा जारी अनुज्ञप्तियों की उपयोगिता तथा उनमें उदधृत विभिन्न शर्तों के अन्तर्गत अपनाने योग्य सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । प्लांट द्वारा विभिन्न सुरक्षा नियमों की अनुपालना में अपनाये गये विभिन्न आधुनिक उपकरणों के बारे में जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर संयुक्त सचिव महोदय द्वारा परिसर में पौधा रोपण भी किया गया ।

दि.30.05.2014 – भोपाल कार्यालय में हिन्दी की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया ।